Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- धौलपुर में कैलाश चन्द मीणा, सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति को उनके कार्यालय में परि 45,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया

जयपुर, दिनांक 28 नवम्बर, शुक्रवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी भरतपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए **कैलाश चन्द मीणा, सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति धौलपुर** को उनके कार्यालय में परिवादी से 45,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान, जयपुर के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की माता जी की फर्म श्री बांके बिहारी इण्डस्ट्रीज धौलपुर के नाम से कृषि मण्डी समिति धौलपुर में कृषि जिन्स (आडत) व्यापार हेतु लाईसेन्स के लिए आवेदन किया था, कृषि उपज मण्डी समिति धौलपुर के सचिव कैलाश चन्द मीणा द्वारा परिवादी को उक्त लाईसेन्स जारी करने की एवज में 50,000/– रूपये की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज भरतपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में **श्री जगदीश भारद्वाज पुलिस निरीक्षक चार्ज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी भरतपुर** द्वारा आज ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री कैलाश चन्द मीणा, सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति धौलपुर को कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति धौलपुर में परिवादी से 45,000/– रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकडा गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।